# कार्यालय जिला पर्यटन विकास अधिकारी, अल्मोड़ा

पत्रांक 1652/साहसिक प्रशिक्षण पत्रा./2025–26 दिनांक 16.02.2026

## बेसिक व्हाईट वाटर क्याकिंग प्रशिक्षण

उत्तराखण्ड पर्यटन विकास परिषद, देहरादून द्वारा साहसिक गतिविधियों के अन्तर्गत जलक्रीड़ा में रूची रखने वाले उत्तराखण्ड के युवाओं हेतु शिवपुरी (ऋषिकेश) में दिनांक 09.03.2026 से 29.03.2026 तक 21 दिवसीय बेसिक व्हाईट वाटर क्याकिंग प्रशिक्षण शिविर कराया जाना प्रस्तावित है जिसमें अल्मोड़ा जनपद से 01 अभ्यर्थियों की सूची मुख्यालय को उपलब्ध करायी जानी है। उक्त प्रशिक्षण में प्रतिभाग करने हेतु आवेदन पत्र दिनांक 23.02.2025 तक पर्यटन कार्यालय, अल्मोड़ा में जमा कर सकते है। प्रतिभागीयों का चयन प्रथम आवत प्रथम पावत के आधार पर किया जायेगा। अधिक जानकारी हेतु किसी भी कार्य दिवस में जिला पर्यटन विकास अधिकारी कार्यालय, अल्मोड़ा अथवा दूरभाष सं.– 05962230180 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

**<u>अभ्यर्थियों के चयन हेतु निर्धारित नियम व शर्तें :–</u>**

1– उत्तराखण्ड का मूल/स्थाई निवासी, 2– आयु 18–28 वर्ष, 3– शारीरिक एवं मानसिक रूप से होना अनिर्वाय है, 4– आवेदन के साथ अभ्यर्थी द्वारा स्वास्थ्य प्रमाण पत्र एवं क्षतिपूर्ति फॉर्म उपलब्ध कराया जाय, 5– चयनित अभ्यर्थियों को दिनांक 08.03.2026 को पूर्वान्ह 2.00 बजे तक आई.टी.डी.बी. राफ्टिंग कैम्प शिवपुरी टिहरी में उपस्थित होना होगा, 6– अभ्यर्थियों द्वारा प्रशिक्षण स्थल तक आने एवं जाने का किराया स्वयं वहन करना होगा। प्रशिक्षण अवधि में अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण, आवास, भोजन एवं ट्रेंनिग आदि का वहन यू.टी.डी.बी. द्वारा किया जायेगा, 7– ऐसे अभ्यर्थियों को प्राथमिकता प्रदान की जायेगी, जो तैराकी में दक्ष हो।

उप निदेशक पर्यटन,<br>अल्मोड़ा।